# ग्रीन हाइड्रोजन पर बनाए जाएंगे उत्कृष्टता केंद्र

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यूपी व जापान का यामानाशी प्रांत मिलकर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेंगे। गुरुवार को इन्वेस्ट यूपी, यूनिवर्सिटी ऑफ यामानाशी और यामानाशी सरकार के अधिकारियों के बीच हुई वर्चुअल बैठक में इसकी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। यह सेंटर ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन, भंडारण और उपयोग से जुड़ी नई तकनीकों पर काम करेगा। यह केंद्र देश के प्रमुख तकनीकी संस्थानों, विश्वविद्यालयों, स्टार्टअप्स और उद्योगों को एक साथ लाएगा।